भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय
लोक सभा
**अतारांकित प्रश्न संख्या: 921**
उत्तर देने की तारीख: सोमवार, 02 दिसंबर, 2024
11 अग्रहायण, 1946 (शक)

## मूर्तियों की तस्करी और चोरी के मामले

**921. डॉ. कलानिधि वीरास्वामी:**

क्या **संस्कृति** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) पिछले पांच वर्षों के दौरान कानून प्रवर्तन एजेंसियों को तमिलनाडु राज्य में मंदिरों से मूर्ति तस्करी या चोरी के कुल कितने मामलों की सूचना दी गई है;

(ख) तमिलनाडु राज्य में मूर्ति तस्करी या चोरी से प्रभावित मंदिरों की सूची का ब्यौरा क्या है और चोरी की गई मूर्तियों का अनुमानित मूल्य कितना है;

(ग) तमिलनाडु राज्य में मंदिरों से मूर्ति तस्करी और चोरी को रोकने और इससे निपटने के लिए सरकार द्वारा किए गए उपायों का ब्यौरा क्या है;

(घ) तमिलनाडु राज्य में मूर्ति तस्करी या मंदिरों से चोरी के संबंध में गिरफ्तार/आरोपित किए गए व्यक्तियों की कुल संख्या कितनी है और कानूनी प्रणाली में इन मामलों की वर्तमान स्थिति क्या है;

(ड.) तमिलनाडु राज्य में मूर्ति तस्करी या चोरी के मामलों के संबंध में दोषी ठहराए गए राजनीति में शामिल व्यक्तियों या धार्मिक प्रमुखों का ब्यौरा क्या है; और

(च) ऐसे मामलों और दोषसिद्धि का ब्यौरा क्या है?

उत्तर

**संस्कृति और पर्यटन मंत्री**
**(श्री गजेन्द्र सिंह शेखावत)**

(क) और (ख): पिछले पांच वर्षों के दौरान केंद्रीय संरक्षित स्मारक से एक मूर्ति चोरी होने की सूचना मिली है। पंचलोगा (स्थानक विष्णु) की धातु की मूर्ति विलावनकोडे, जिला कन्याकुमारी स्थित पार्थसारथी और कृष्ण मंदिर से चोरी हुई थी। पुडुकडाई पुलिस स्टेशन में प्राथमिकी दर्ज की गई थी और मूर्ति प्राप्त हो गई थी।

(ग): भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण अपने अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत स्मारकों, स्थलों और पुरावशेषों के संरक्षण के लिए प्रतिबद्ध है। इसके अलावा, भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण का नियमित पहरा और निगरानी स्टॉफ, निजी सुरक्षा गार्ड और केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल की आवश्यकतानुसार तैनाती की गई है। जब कभी पुरावशेष के चोरी होने की रिपोर्ट होती है संबंधित पुलिस स्टेशन में प्राथमिकी दर्ज की जाती है और चोरी हुए पुरावशेष को ढूंढने और इसके अवैध निर्यात को रोकने के लिए सीमा शुल्क निकासी चैनलों सहित विधि प्रवर्तन एजेंसियों को 'लुकआउट नोटिस' जारी किया जाता है।

(घ) से (च): विलावनकोडे, जिला कन्याकुमारी स्थित पार्थसारथी और कृष्ण मंदिर में चोरी के मामले में तमिलनाडु पुलिस द्वारा एक गिरफ्तारी की सूचना मिली है।

*****